**मि.सं.ई.12019/1/2018-रा.भा.नीति**

**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**(राजभाषा प्रभाग)**

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: 25 अगस्त, 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: कारपोरेट कार्य मंत्रालय में 01 से 15 सितम्बर, 2020 तक मनाए जाने वाले हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में।**

**संघ सरकार** की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के अनुसरण में सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग के प्रति रूचि बनाए रखने के प्रयोजन से पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी कारपोरेट कार्य मंत्रालय में **दिनांक 01 से 15 सितम्बर, 2020 तक "हिन्दी पखवाड़ा"** आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताएं सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएंगी। कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में जारी सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य है। ये प्रतियोगिताएं पदधारियों के रोस्टर के अनुसार आयोजित की जाएंगी जिसमें 02 गज़ की दूरी बनाए रखना और मास्क लगाना अनिवार्य है:-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगिता की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 01 सितम्बर, 2020 |
| 2. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 02 सितम्बर, 2020 |
| 3. | हिंदी टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 03 सितम्बर, 2020 |
| 4. | हिंदी टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 04 सितम्बर, 2020 |
| 5. | हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता (हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 07 सितम्बर, 2020 |
| 6. | हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता (हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 08 सितम्बर, 2020 |
| 7. | एमटीएस कर्मचारियों के लिए श्रुतलेख एवं सुलेख प्रतियोगिता(हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 09 सितम्बर, 2020 |
| 8. | एमटीएस कर्मचारियों के लिए श्रुतलेख व सुलेख प्रतियोगिता(हिंदी भाषी तथा हिंदीतर भाषियों के लिए) | 10 सितम्बर, 2020 |
| 9. | हिंदी दिवस | 14 सितम्बर, 2020 |

उपरोक्त प्रतियोगिताओं का समय अपराह्न 3.00 बजे से 4.00 बजे रहेगा। इस संबंध में परिवर्तन होने पर सूचित किया जाएगा।

2. **प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्रता और अन्य शर्तें निम्नानुसार होंगी :**

(i) कारपोरेट कार्य मंत्रालय के मुख्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। राजभाषा विभाग द्वारा जारी अनुदेशों के अनुसार इन प्रतियोगिताओं में हिंदी टाइपिस्ट, हिंदी आशुलिपिक और राजभाषा प्रभाग के पदधारी भाग नहीं ले सकते हैं। 02 से अधिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगी को केवल सर्वोत्तम 02 पुरस्कार दिए जाएंगे। यदि किसी प्रतियोगी को 02 से अधिक पुरस्कार मिलते हैं तो उन्हें तीसरा पुरस्कार नहीं दिया जाएगा। उनके स्थान पर उसी प्रतियोगिता के अगले प्रतिभागी को अंकों के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। समान अंक प्राप्त करने पर पुरस्कार की राशि प्रतिभागियों में समान रूप से वितरित की जाएगी। हिंदीतर भाषियों के लिए अलग से कोई प्रतियोगिता नहीं है, इसलिए उन्हें 20% अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

(ii) **हिन्दी निबंध प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में प्रतियोगिओं को लगभग 400 शब्दों का हिन्दी में एक निबंध लिखना होगा। इससे संबंधित विषय उसी समय दिए जाएंगे।

(iii) **हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में कार्यालय से संबंधित विषयों पर टिप्पण और आलेखन से संबंधित मसौदा तैयार करना होगा।

**(iv) हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को 10 मिनट का प्रश्न पत्र टाइपिंग के लिए दिया जाएगा।

(v) **श्रुतलेख एवं सुलेख प्रतियोगिता:** यह प्रतियोगिता एम.टी.एस. कर्मचारियों के लिए होगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 01 हिंदी का पृष्ठ लिखने के लिए दिया जाएगा तथा कुछ शब्द श्रुतलेख के लिए दिए जाएंगे।

3. **पुरस्कारों की राशि:** उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में 3000/-रूपये का प्रथम, 2400/-रूपये का द्वितीय, 2000/-रूपये का तृतीय तथा 1600/-रूपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा।

4. **हिंदी भाषी और हिन्दीतर भाषी निम्नानुसार होंगे:**

जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की मातृभाषा हिन्दी, हिंदी से संबद्ध भाषाएं तथा उर्दू, पंजाबी, गुजराती या मराठी है उन्हें हिन्दी भाषी वर्ग में शामिल किया जाएगा (अर्थात् क्षेत्र "क" तथा "ख" में स्थित राज्यों की भाषाएं एक ही वर्ग में रखी जाएंगी) और जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की मातृभाषा उपर्युक्त 1 में उल्लिखित नहीं हैं उन्हें हिन्दीतर भाषी वर्ग में रखा जाएगा।

5. **सभी लिखित परीक्षाओं की अवधि 01 घंटा होगी।**

6. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के मुख्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

7. सभी इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी संलग्न प्रपत्र में अपना नामांकन राजभाषा प्रभाग को **दिनांक 31.08.2020** तक अवश्य भेज दें ताकि प्रतियोगिताएं सुचारू रूप से आयोजित की जा सकें।

यह कार्यालय ज्ञापन सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

संलग्न : **प्रपत्र**

(डॉ. आर. रमेश आर्य)
संयुक्त निदेशक (राजभाषा)

वितरण: (1) सभी अधिकारी/कर्मचारी, कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(2) सूचना पट्ट/वेबसाइट/एमसीए व्हाट्सएप ग्रुप, कारपोरेट कार्य मंत्रालय

प्रतिलिपि:

1. सचिव/अपर सचिव/अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार/महानिदेशक/संयुक्त सचिव(के)/संयुक्त सचिव(एमपी)/संयुक्त सचिव(जी)/आर्थिक सलाहकार/उप महानिदेशक के निजी सचिवों को सूचनार्थ।
3. निदेश मिसिल ।

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**(राजभाषा प्रभाग)**

**प्रपत्र**

मैं कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाने वाली निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक हूँ:-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी) | |
| 2. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी) | |
| 3. | हिंदी टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी) | |
| 4. | हिंदी टिप्पण तथा आलेखन प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी) | |
| 5. | हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता (हिंदी भाषी) | |
| 6. | हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी) | |
| 7. | एमटीएस कर्मचारियों के लिए सुलेख प्रतियोगिता (हिंदी भाषी) | |
| 8. | एमटीएस कर्मचारियों के लिए सुलेख प्रतियोगिता (हिंदीतर भाषी) | |

नोट: जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक हों उन पर (√) का निशान लगाएं।

मातृभाषा------------------

कर्मचारी सं. MCA...................

नाम:- --------------------

पदनाम:- -----------------

अनुभाग:- ----------------

फोन/मो.:- -----------------

राजभाषा प्रभाग